# कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

zp-kanker.cg@nic.in Office Tel. No. 07868-241282, Fax No. 07868-241482

**–: प्रेस विज्ञप्ति :–**

क्रमांक/ 10114 /जि.पं/व्या.पं./2017-18/भर्ती 2017-18 कांकेर,दिनांक26 /10/2017

अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के विज्ञापन क्रमांक / पंचा/शि.क.नि./पंग्राविवि/22/2017/107 नया रायपुर दिनांक 22.07.2017 द्वारा विज्ञापित पद हेतु व्यापम द्वारा ली गई । परीक्षा परिणाम मूल सूची ( बी.एड. तथा नान बी.एड. ) का प्रकाशन जिला पंचायत कांकेर के वेबसाईट zp-kanker.cg@nic.in तथा kanker.cg@nic.in में अपलोड किया जा रहा है ।

विज्ञापन में दर्शित विषयवार रिक्त पदों के आधार पर आरक्षण प्रवर्गवार 1:3 मेरीट सूची में का भी प्रकाशन जिला पंचायत कांकेर के वेबसाईट zp-kanker.cg@nic.in तथा kanker.cg@nic.in में अपलोड किया जा रहा है । साथ ही रिक्त पद के आधार पर 1:3 आवेदकों के मूल अभिलेखों का मिलान निम्न तिथियों में निम्न विषयों का जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर में पूर्वान्हन 11.00 बजे से किया जावेगा जिस हेतु आवेदकों को पृथक से सूचित किया जा रहा है ।

1:3 सूची में दर्शित आवेदक जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर के सभाकक्ष में अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ स्वयं अनिवार्यतः उपस्थित होंगे। साथ ही समस्त संलग्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रति स्व सत्यापित कर नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो लायेंगे। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर पुनः अभिलेख सत्यापन का अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा । इस हेतु किसी प्रकार के यात्रा व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा ।

| क्रमांक | दिनांक | विषय | विज्ञापित पदों की संख्या | अभिलेख सत्यापन में बुलाये गये आवेदकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 07.11.2017 | अंग्रेजी, भौतिकी | 34,28 | 93,39 |
| 02. | 08.11.2017 | रसायन, गणित | 34,43 | 89,64 |
| 03. | 09.11.2017 | वाणिज्य, जीवविज्ञान, भूगोल | 33,31,03 | 81,73,09 |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

पृ0 क्रमांक/ 10115 /जि.पं/व्या.पं./2017-18/भर्ती 2017-18 कांकेर,दिनांक 26 /10/2017

**प्रतिलिपिः-**

01. संचालक, पंचायत संचालनालय,इन्द्रावती भवन द्वितीयतल मंत्रालय नया रायपुर को सादर सूचनार्थ
02. कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ ।
03. महाप्रबंधक , छ.ग. संवाद छोटापारा रायपुर ( छ.ग. ) को प्रेषित कर लेख है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति राज्य प्रमुख समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगें ।
04. जिला जनसम्पर्क अधिकारी , जिला उत्तर बस्तर कांकेर उक्त प्रेस विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगें ।
05. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर, छ्ब्‍ को सूचनार्थ । आवेदकों की सूची को जिला पंचायत , जिला कार्यालय तथा छ.ग. शासन के वेबसाईट में तत्काल अपलोड करावें ।
06. क्ण्च्ण्डण जिला पंचायत कांकेर को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु ।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

# कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

zp-kanker.cg@nic.in Office Tel. No. 07868-241282, Fax No. 07868-241482

**-: ज्ञापन :-**

क्रमांक/10116 /जि.पं/व्या.पं./2017-18/ कांकेर,दिनांक 26/10/2017

**प्रति,**

**विषय :- व्याख्याता पंचायत की सीधी भर्ती हेतु मूल अभिलेख सत्यापन बाबत ।**

विषयांतर्गत अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के विज्ञापन क्रमांक / पंचा/शि.क.नि./पंग्राविवि/22/2017/107 नया रायपुर दिनांक 22.07.2017 द्वारा विज्ञापित पद हेतु व्यापम द्वारा ली गई परीक्षा में आपका नाम 1:3 मेरीट सूची में आने के कारण मूल अभिलेखों का मिलान किया जाना है ।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 7,8,9 /11/2017 को पूर्वान्हन 11.00 बजे जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर के सभाकक्ष में अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ स्वयं अनिवार्यतः उपस्थित होवें । साथ ही समस्त संलग्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रति स्व सत्यापित कर नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो लावे । निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा । इस हेतु किसी प्रकार के यात्रा व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा ।

आपके द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले मूल प्रमाण पत्रों / अभिलेखों को सत्यापन समिति द्वारा परीक्षण उपरांत अंतिम मेरीट सूची जारी कर नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी । त्रुटीपूर्ण अथवा गलत प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने या गलत जानकारी दिये जाने पर अपात्रता की स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होंगें ।

यदि आप किसी शासकीय सेवा / शिक्षक पंचायत संवर्ग में कार्यरत है, तो अपने विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करें । अन्यथा आपकी नियुक्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

**<u>संबंधित मूल प्रमाण पत्र एवं 1 प्रति स्व. सत्यापित प्रति तथा स्वयं के पासपोर्ट साईज फोटो</u>**

**01. 10 वीं अंक सूची । 02. 12 वीं अंक सूची ।**
**03. स्नातक अंक सूची । 04. स्नातकोत्तर अंक सूची ।**
**05. रोजगार पंजीयन । 06. स्थायी जाति प्रमाण पत्र ।**
**07. निवास प्रमाण पत्र । 08. बी.एड. प्रमाण पत्र ।**
**09. दिव्यांगता की स्थिति में ( नवीनीकृत 40 % से अधिक ) मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र ।**
**10. विधवा की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र ।**
**11. परित्यकता की स्थिति में विधिक नोटिफिकेशन ।**
**12. पति- पत्नि प्रकरण में पति-पत्नि जो भी शासकीय सेवक (शिक्षक पंचायत संवर्ग ) हो नियोक्ता का प्रमाण पत्र ।**
**13. भूतपूर्व सैनिक की स्थिति में प्रमाण पत्र ।**
**14. गंभीर बिमारी पर जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र ।**
**15. विवाहित उम्मीदवार हेतु 26 जनवरी 2001 की स्थिति में दो से अधिक जीवित संतान न होने संबंधी प्रमाण पत्र , शपथ पत्र देना होगा ।**
**16. अन्य सुसंगत दस्तावेज जो नियुक्ति के समय प्रस्तुती के लिये अनिवार्य हो ।**